# एल्कोहल उद्योगों में 43 अरब का निवेश

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** प्रदेश में एल्कोहल आधारित उद्योगों में 4320 करोड़ रुपये का निवेश होगा। बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आबकारी विभाग द्वारा आयोजित पहले निवेश सम्मेलन में निवेशकों की ओर से यह प्रस्ताव रखे गए।

कार्यक्रम का उद्घाटन आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य प्रदेश में एल्कोहल निर्माण, वितरण की सुगम नीति उपलब्ध कराना है। मंत्री ने कहा कि बेहतर आबकारी नीति के चलते निवेशक बड़ी संख्या में आकर्षित हो रहे हैं। बीते वर्षों में आबकारी विभाग के प्रयासों से 10 हजार करोड़ का निवेश प्रदेश में कराया गया। कार्यक्रम में करीब 100 निवेशक शामिल हुए। इसमें अलीगढ़ की बीएएस बैरेट के वरदान चौधरी, कानपुर की इंडियन वाइन ग्रोवर्स एसोशिएशन के अश्विनी रोड्रिग्रेस और बिजनौर के द्वारिकेश शुगर के सलिल आर्य आदि शामिल है।



आबकारी समिट में बुधवार को स्मारिका का विमोचन करते मंत्री नितिन अग्रवाल।

## 56 करोड़ राजस्व मिला, पांच लाख को रोजगार

इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ने बुधवार को निवेशक सम्मेलन में अपनी रिपोर्ट रखी जिसमें एल्कोहलिक -बेवरेज उद्योग ने बीते वर्ष में 56 हजार करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया है। वहीं 5.3 लाख लोगों को रोजगार मिला है। रिपोर्ट के अनुसार यूपी में होने वाली टैक्स वसूली का 25 प्रतिशत हिस्सा एल्कोहलिक बेवरेजेज से आता है।